Series S4PQR/4

SET-3

प्रश्न-पत्र कोड **2/4/3**

रोल नं. 2 1 7 2 9 9 7 3

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (आधार)
HINDI (Core)

निर्धारित समय : 3 घण्टे

अधिकतम अंक : 80

Scanned with OKEN Scanner

पुस्तक मेला एक त्योहार है, पाठकों, लेखकों, व्यापारियों, बच्चों का । हर दिन कई सौ पुस्तकों का लोकार्पण, बीस-पच्चीस गोष्ठी-विमर्श, दस-पंद्रह लेखकों से बातचीत के सत्र और बच्चों की गतिविधियाँ । ढेर सारे विचार, मतांतर एक ही छत के नीचे, पर सभी का एक ही लक्ष्य, ज्ञान को विस्तार मिले ।

दिन चढ़ते ही लोग कंधे छीलती भीड़ में उचक-उचक कर लेखकों को पहचानने का प्रयास करते हैं । कहीं कविता पाठ चलता है, तो कहीं पर व्यंग्य और कहानी पेश करने का आयोजन । इस मेले की खासियत यह भी है कि दूर-दराज से आए और नए लेखक अपनी पांडुलिपियाँ लेकर प्रकाशकों को तलाशते दिखते हैं । विदेशी मंडप में भले ही अधिकांश पुस्तकें केवल प्रदर्शन के लिए होती हैं, लेकिन कुछ लोग इनसे प्रेरणा प्राप्त करते भी दिखाई देते हैं । बच्चों की नैसर्गिक रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए बाल मंडप एक महत्त्वपूर्ण आकर्षण होता है । पुस्तक मेला में दिल और दिमाग, दोनों पुस्तक के साथ धड़कते-मचलते हैं, तभी तो यह मेला नहीं हैं, आनंदोत्सव है । पुस्तकों का वसंतोत्सव है, जो आश्वस्त करता है कि मुद्रित शब्दों की शक्ति, सहकार और सौंदर्य अब भी विद्यमान है ।

(i) गद्यांश के आधार पर पुस्तकों का जीवन में महत्त्व है –
   (A) ज्ञान अर्जित करने के लिए
   (B) रोज़गार प्राप्त करने के लिए
   (C) मनोरंजन प्राप्त करने के लिए
   (D) वैचारिक और मानसिक भूख शांत करने के लिए

(ii) सूचना प्रौद्योगिकी से अभिप्राय है –
   (A) सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना ।
   (B) सूचनाओं के आदान-प्रदान में तकनीक का प्रयोग करना ।
   (C) सूचनाओं के आदान-प्रदान का विकास करना ।
   (D) सूचना क्षेत्र में संदेश, तस्वीर या विचार दूसरे स्थान पर पहुँचाना ।

(iii) सूचना प्रौद्योगिकी के प्रादुर्भाव से किस क्षेत्र के लोगों को अधिक चिंता होने लगी ?
   (A) छापे खाने से जुड़े लोगों को (B) तकनीक जगत से जुड़े लोगों को
   (C) आई.टी. जगत से जुड़े लोगों को (D) हाथ का काम करने वाले लोगों को

(viii) मुद्रण तकनीक से संबंध है –

(A) पत्रकार का (B) लेखक का

(C) प्रकाशक का (D) अर्थशास्त्री का

(ix) गद्यांश में पुस्तक मेले को लेखक ने 'आनंदोत्सव' की संज्ञा दी है, क्योंकि –

(A) असंख्य लोग यहाँ आकर आनंद प्राप्त करते हैं।

(B) असंख्य लेखक, विचारक, मंत्री और सितारे यहाँ मिलते हैं।

(C) यहाँ दिल और दिमाग दोनों लगते हैं।

(D) यहाँ दिल और दिमाग दोनों को खुराक मिलती हैं।

(x) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन : विश्व पुस्तक मेला सिर्फ किताब खरीदने और बेचने की जगह नहीं है।

कारण : आज किताब खरीदने-बेचने के लिए दर्जनों वेबसाइट उपलब्ध हैं।

(A) कथन सही है, कारण गलत है।

(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण उसकी सही व्याख्या नहीं करता।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

अकेलेपन से जो लोग दुखी हैं,
वृत्तियाँ उनकी
निश्चय ही, बहिर्मुखी हैं।
सृष्टि से बाँधने वाला तार
उनका टूट गया है;
असली आनन्द का आधार
छूट गया है।
उद्गम से छूटी हुई नदियों में ज्वार कहाँ ?
जड़-कटे पौधों में जीवन की धार कहाँ ?
तब भी, जड़-कटे पौधों के ही समान
रोते हैं ये उखड़े हुए लोग बेचारे;

P.T.O.

Scanned with OKEN Scanner